જિલ્લા શિક્ષણ સમિતિ - કચ્છ

દ્વિતીય સત્રાંત કસોટી - 2025

તારીખ : 17-04-2025 | વિષય : હિન્દી | ગુણ : 80
વાર : ગુરૂવાર | ધોરણ : 8 | સમય : 08-00 થી 11-00

प्रश्न-1 (A) सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए । (4)

(1) डायरी लेखन के लिए कौन - सी विशेषता सही है ?

(A) आलोचना (B) टीका - टिप्पणी (C) काल्पनिकता (D) वास्तविकता

(2) 'मंदिर - मस्जिद - गिरजाघर ने बाँट लिया भगवान को' - पंक्ति में कौन-सा शब्द संज्ञा नही है ?

(A) मंदिर (B) मस्जिद (C) बाँट (D) गिरजाघर

(3) 'राजनीतिक' शब्द में प्रत्यय कौन-सा है ?

(A) इक (B) राज (C) नीति (D) क

(4) रहीम के मतानुसार कौन - से लोग मरे हुए समान है ?

(A) मदद करनेवाले (B) माँगनेवाले

(C) देनेवाले (D) माँगने पर ना कहने वाले

प्रश्न-1 (B) संक्षेप में उत्तर लिखिए । (8)

(1) कच्छ के रेगिस्तान की क्या विशेषता है ?

(2) चट्टानों की प्यास कैसे बुझाई जा सकती है ?

(3) बड़े लोगों के लक्षण कौन-कौन से है ?

(4) कविने मनुष्य की कौन-कौन सी विशेषताएँ बताई है ?

प्रश्न-2 निम्नलिखित काव्य को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (5)

मेह बरसने वाला है
मेरी खिड़की में आ जा तितली ।
बाहर जब पर होंगे गीले,
धूल जाएँगे रंग सजीले,
झड़ जाएगा फूल, न तुझको
बचा सकेगा छोटी तितली,
खिड़की में तू आ जा तितली ।

नन्हे तुझे पकड़ पाएगा,
डिब्बी में रख ले जाएगा,
फिर किताब में चिपकाएगा
मर जाएगी तब तू तितली,
खिड़की में तू छिप जा तितली ।

- महादेवी वर्मा

(1) कविता में कौन - से मौसम का वर्णन है ?

(2) नन्हे तितली को पकडकर कहाँ रखेगा ?

(3) 'पर' शब्द का समानार्थी शब्द लिखे ।

(4) तितली के भीग जाने पर बच्चे क्या कर सकते हैं ?

(5) कविता का शीर्षक लिखिए ।

प्रश्न-3 रुपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए । (6)

कार में बैठते हुए सेठ का बटुआ गिरना - गरीब विद्यार्थी को मिलना - बटुआ अपने स्कूल के हेडमास्टर को देना - समाचार पत्र में खबर - सेठ का स्कूल आना - सच्चाई पर खुश - उस विद्यार्थी की उच्च शिक्षा की पढ़ाई का खर्च देना ।

प्रश्न-4 निम्नलिखित परिच्छेद का हिन्दी में अनुवाद कीजिए । (5)

હિરણ નદીની પશ્ચિમ બાજુએ સૂરજદાદા વિદાય લઈ રહ્યા છે. સંધ્યાટાણે પંખીઓનાં ટોળાં પોતાના માળા ભણી ઊડી રહ્યાં છે. ભેંસો અને ગાયો પોતાના માલિકના ઘર ભણી પાછાં વળી રહ્યાં છે. ત્યારે ઝરમર - ઝરમર વર્ષાની શરૂઆત થઈ. સૌ અસહ્ય ગરમીની પીડામાંથી મુક્તિનો આનંદ લઈ રહ્યાં છે. માત્ર માનવ જ નહીં, પશુ - પંખી અને જીવ - જંતુ પણ શાંતિ અનુભવવા લાગ્યાં.

प्रश्न-5 नीचे दी गई कहानी को पूर्ण करके लिखिए । (6)

एक दिन मनोज के पिताजी कुछ काम से बाहर गए थे । वह माँ के साथ सोया हुआ था । आधीरात को जब उसकी नींद उड़ गई तो देखा घर में चोर घुसे हुए थे । तिजोरी से गहने चुरा रहे थे । कुछ देर सोचने के बाद मनोज को उपाय सूझा....

प्रश्न-6 दिए गए शब्द का उत्तर मिले ऐसी पहेली बनाइए । (6)

(1) बादल

प्रश्न-7 निम्नलिखित विषय पर पत्र लिखिए । (6)

प्रवास में जाने की अनुमति के लिए पिता को पत्र लिखिए ।

प्रश्न-8 नीचे दी गई परिस्थिति में आप क्या करेंगे इसके बारे में लिखिए । (6)

(1) आपके गाँव में बाढ आए तो आप क्या करेंगे ?

(2) आपके गली - मोहल्ले में गंदगी ज्यादा है तो आप क्या करेंगे ?

प्रश्न-9 (A) निम्नलिखित शब्द का समानार्थी शब्द देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । (2)

(1) राह (2) रौंदना

प्रश्न-9 (B) निम्नलिखित शब्द का विरोधी शब्द देकर वाक्य में प्रयोग करके लिखिए । (2)

(1) गरीब (2) जमीन

प्रश्न-9 (C) निम्नलिखित मुहावरें का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग करके लिखिए । (2)

(1) आँख नीची होना ।

प्रश्न-9 (D) **निम्नलिखित कहावतों का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग करके लिखिए ।** (2)

(1) चार दिन की चाँदनी फिर अंधेरी रात ।

प्रश्न-10 **दिए गए शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लिखिए ।** (4)

(1) दयावान, मूल्यवान, ममता, मंत्र

(2) कल्पना, भारतीय, परम्परा, संगीत

(3) अंतरिक्ष, चन्द्र, आहट, अभियान

(4) सितारा, हाथी, चिराग, पाठशाला

प्रश्न-11 (A) **नीचे दिए गए वाक्यों में से रेखांकित शब्दों के विशेषण बनाइए ।** (4)

(1) रमेश ने <u>ईमानारी</u> से अपना काम किया

(2) हिमालय पर्वत की <u>ऊंचाई</u> देखने लायक है ।

(3) लक्ष्मीबाई <u>वीरता</u> पूर्ण लड़ी ।

(4) दूसरों की <u>बुराई</u> करना पाप है ।

प्रश्न-11 (B) **नीचे दिए गए विशेषण का वाक्य सें प्रयोग किजिए ।** (4)

(1) मूल्यवान

(2) कृपालु

(3) अच्छा

(4) थोडा - सा

प्रश्न-12 **निम्नलिखित विषय पर निबंध लिखिए ।** (8)

(1) 'जो मैं भारत का प्रधानमंत्री बनजाऊँ तो ।'

(2) कच्छ के दर्शनीय स्थल ।